DAINIK BHASKAR, Delhi, 15.5.2025
Page No. 10, Size:(12.89)cms X (13.37)cms.

**बिजनेस प्लस**

# गेल ने अब तक का सर्वोच्च ईबीआईटीडीए, पीबीटी और पीटीए दर्ज किया

**नई दिल्ली** | श्री संदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल (इंडिया) लिमिटेड ने कहा कि वित्त वर्ष 25 के दौरान प्रभावी प्रदर्शन मुख्य रूप से सभी प्रमुख क्षेत्रों में बेहतर भौतिक और वित्तीय प्रदर्शन से प्रेरित है । वैश्विक अर्थव्यवस्था में चुनौतियों के बावजूद, हमारी कंपनी के लिए यह एक ऐतिहासिक वर्ष रहा, जिसमें अभूतपूर्व वित्तीय उपलब्धियां और गेल के इतिहास में अब तक का सर्वोच्च ईबीआईटीडीए, पीबीटी और पीएटी प्राप्त किया। निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु रु. 1 प्रति इक्विटी शेयर (रु. 1.00 प्रति इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो आगामी वार्षिक आम सभा (एजीएम) में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। यह रु. 6.50 प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। परिणामस्वरूप, वित्तीय वर्ष के लिए लाभांश भुगतान अनुपात 43.59% है।



HARI BHOOMI, Delhi, 15.5.2025
Page No. 10, Size:(21.85)cms X (30.88)cms.

# गेल का शुद्ध लाभ छह प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लि. का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में छह प्रतिशत घटकर 2,049.03 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से पेट्रोरसायन कारोबार में नुकसान और गैस विपणन मार्जिन कम होने से कंपनी का लाभ घटा है। गेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,176.97 करोड़ रुपये था।

DAINIK JAGRAN ( JAGRAN CITY ), Delhi, 15.5.2025
Page No. 3, Size:(2.54)cms X (7.92)cms.

# गेल इंडिया लिमिटेड कंपनी की आय और लाभ में वृद्धि

वि, नई दिल्ली : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 में रिकार्ड 1,37,288 करोड़ रुपये आय के रूप में अर्जित की है। इसके अलावा 19,168 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ, 14,825 करोड़ का कर-पूर्व लाभ और 11,312 करोड़ का कर-पश्चात लाभ हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः पांच प्रतिशत, 23 प्रतिशत, 28 प्रतिशत और 28 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने 43.59 प्रतिशत लाभांश भुगतान अनुपात के साथ एक रुपये प्रति अंश का अंतिम लाभांश प्रस्तावित किया है। यह जानकारी कंपनी की ओर से मंगलवार को जारी लिखित बयान में दी गई है। बताया गया है कि इस दौरान कंपनी ने 10,512 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया और जीजीएल को छह भौगोलिक क्षेत्र हस्तांतरित करने की सिफारिश की।